2026

HINDI

(Major)

Paper Code : HIN4200304MJ

(भाषा-विज्ञान)

Full Marks : 60

Time : 2½ hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions.

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×8=8

(क) 'भाषा' शब्द की व्युत्पत्ति संस्कृत की किस धातु से मानी जाती है?

(ख) भाषा की सहज इकाई क्या है?

(ग) "भाषा यादृच्छिक ध्वनि प्रतीकों की व्यवस्था है।" भाषा की इस परिभाषा में आये 'यादृच्छिक' शब्द का आशय क्या है?

(घ) भाषा-विज्ञान की एक परिभाषा दीजिए।

(ङ) खड़ीबोली हिन्दी का उद्‌भव किस अपभ्रंश से हुआ है?

(च) अर्थ संकोच का एक उदाहरण दीजिए।

(छ) देवनागरी लिपि का विकास किस लिपि से हुआ है?

(ज) अर्थ परिवर्तन के किसी एक कारण का उल्लेख कीजिए।

Anandaram Dhekial Phookan College Library
Acc. No.
Date
* Nagaon : Assam *

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं छः के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×6=12

(क) भाषा और बोली के किन्हीं दो अन्तरों का उल्लेख कीजिए।

(ख) हिन्दी में संयुक्त स्वर ध्वनियाँ कौन-कौन सी हैं?

(ग) शब्द और रूप के किन्हीं दो अन्तरों को लिखिए।

(घ) सरल वाक्य और मिश्र वाक्य के एक-एक उदाहरण दीजिए।